खाटू वाला खुद खाटू से तेरे लिए आएगा

खाटू वाला खुद खाटू से तेरे लिए आएगा,
मोरछड़ी ले लीले चढ़के, संग ख़ुशी लाएगा,
खाटू वाला खुद खाटू से तेरे लिए आएगा॥

तुझको तो बस इतना करना श्याम से नेह लगाना है,
दींन दुखी निर्बल का हर दम तुझको साथ निभाना है,
तुझपे अपना प्रेम लुटाने, तेरे लिए आएगा,
मोरछड़ी ले लीले चढ़के, संग ख़ुशी लाएगा॥

दुनिया वाले क्या कहते हैं उसपे ना तू विचार कर,
श्याम के आगे करके समर्पण जो भी मिले स्वीकार कर,
हार के खुद को तुझको जिताने, तेरे लिए आएगा,
मोरछड़ी ले लीले चढ़के, संग ख़ुशी लाएगा॥

जितनी भी उलझन हैं 'मोहित' श्याम उसे हल कर देगा,
पापों से मुक्ति देकर के जीवन सफल ये कर देगा,
केवट बनकर पार लगाने, तेरे लिए आएगा,
मोरछड़ी ले लीले चढ़के, संग ख़ुशी लाएगा॥

खाटू वाला खुद खाटू से तेरे लिए आएगा,
मोरछड़ी ले लीले चढ़के, संग ख़ुशी लाएगा।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24766/title/khatu-wala-khud-khatu-se-tere-liye-aayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |